## दुर्गा महोत्सव को लेकर मंदिरों में सजावट शुरू

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नवरात्र को लेकर क्षेत्र के मंदिरों में तैयारियां शुरू हो गई है। कस्बा बिलसंडा में इस बार भी दुर्गा महोत्सव कार्यक्रम नगर के देवी स्थान मंदिर पर ही मंगलवार से शुरू होगा। नवरात्र से पहले मां दुर्गा आरती मंडल के पदाधिकारियों ने मंदिर परिसर में एक बैठक कर कार्यक्रम की तैयारीयों की समीक्षा की। दुर्गा महोत्सव 22 अप्रैल तक चलेगा। प्रतिदिन सुबह-शाम घंटे घड़ियाल बजाकर माता की आरती सबका मन मोहेगी। 19 अप्रैल को हरदेब राजा का छठ कार्यक्रम, 20 अप्रैल को रामचरितमानस अखंड पाठ होगा।जबकि 21 अप्रैल को नगर पूजा एवं धुरे पूजन के साथ हवन यज्ञ और रात्रि में मां का जगराता होगा। अगले दिन सुबह आरती के बाद दुर्गा महोत्सव का समापन होगा। बैठक में आयोजक दिलीप जायसवाल,राजीव गुप्ता डब्बल,अनिल गुप्ता,बन्टू जायसवाल,आलोक जायसवाल रिंकू,मनीष कटियार,पिंटू सक्सेना, अमित बाजपेयी आदि रहे।

# बगैर सूचना बंद कर दी बिजली, आठ घंटे परेशान रहे आधे शहर के लोग

## दिनभर गर्मी में पसीना बहाते रहे लोग, तमाम परिवारों में रहा पानी का संकट, प्रधानमंत्री के आने को लेकर की गई पेड़ों की छंटाई

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



टनकपुर हाईवे किनारे पेड़ पर चढ़कर टहनियां छांटते श्रमिक। ● अमृत विचार



हाईवे पर पोल ठीक करते कर्मचारी।

**अमृत विचार :** होली के बाद से सूर्य की तपिश लगातार बढ़ती जा रही है। दिन में तेज धूप और गर्मी की वजह से हवा के बगैर रुकना मुश्किल होता है। रविवार को दिन में जिले का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से करीब पांच डिग्री अधिक है। दोपहर में कड़ाके की धूप होने के साथ तेज गर्मी रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन की तैयारी के चलते सूचना दिए बगैर रविवार को नकटादाना उपकेंद्र से बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। अचानक बिजली गायब होने से करीब आधे शहर के उपभोक्ता आठ घंटे गर्मी में परेशान रहे। सुबह को साढ़े सात बजे बिजली गुल होने से पानी की सप्लाई ठप हो गई, जिसकी वजह से तमाम लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकते रहे। पानी नहीं आने के कारण रविवार को कई घरों में खाना तक बनना मुश्किल हो गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर हेलीपैड से लेकर सभास्थल तक रोड पर दोनों ओर खड़े पेड़ों की छंटाई कराई जानी थी। प्रधानमंत्री का काफिला इसी रूट से गुजरेगा। काफिले में सुरक्षा की दृष्टि से जैमर वाहन शामिल रहेगा। रूट पर खड़े पेड़ों की टहनियां जैमर वाहन के लिए बाधक न बने, इसलिए इस रूट पर जमीन से 16 फिट ऊंचाई तक पेड़ों की छंटाई करने के निर्देश दिए गए थे। रविवार सुबह सामाजिक वानिकी की टीम ने पेड़ों की छंटाई का काम शुरू किया। इसके लिए रविवार सुबह करीब साढ़े सात बजे नकटादाना उपकेंद्र से बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। इससे अशोक कॉलोनी, एकता नगर, पुलिस लाइन, अवध नगर कॉलोनी, आवास विकास, सुरभि कॉलोनी, गांधी स्टेडियम रोड समेत आधे शहर की बिजली गुल हो गई। मगर किसी भी स्तर से इसकी सूचना उपभोक्ताओं को पहले से नहीं दी गई। गर्मी की मार के बीच बिजली सप्लाई बंद होने से लोगों का पसीने छूटने लगा। कुछ समय बाद इनवर्टर भी डाउन पड़ गए। दोपहर 12 बजे के बाद से लगातार पॉवर कॉरपोरेशन के सूचनाओं के आदान प्रदान को बनाए गए ग्रुप पर लगातार उपभोक्ता सप्लाई चालू होने के बारे में जानकारी जुटाते रहे। अधिकांश घरों में पानी की सप्लाई विद्युत संचालित मोटरों पर आधारित है। ऐसे में तमाम परिवारों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ा। अवकाश के दिन बिजली पानी का संकट गहराया तो घरेलू कामकाज बाधित रहे।

इधर, सामाजिक वानिकी की टीम पेड़ों की छंटाई करती रही। उधर, पॉवर कॉरपोरेशन के अधिकारी व कर्मचारियों झूलते तारों और जर्जर बिजली के पोल सुधारने में जुटे रहे। करीब आठ घंटे बाद अपराह्न साढ़े तीन बजे बिजली सप्लाई चालू की गई। कहीं तब जाकर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली।



रविवार सुबह से ही बिजली गुल रही। बाद में जानकारी की तो पता चला कि हाईवे पर पेड़ों की छंटाई चल रही है। पानी की दिक्कत भी बनी रही और घरेलू काम बाधित हुए। पहले से कटौती की जानकारी दी गई होती तो इतनी दिक्कत नहीं होती।

–**नंदकिशोर कश्यप**, एकता नगर



चूंकि रविवार का दिन था तो बिजली न आने से घरेलू कामकाज पर अधिक असर पड़ा। गर्मी भी अधिक पड़ रही है। पहले से जानकारी दी गई होती तो इसे लेकर तैयारी पहले ही कर ली जाती। अचानक बिजली सप्लाई घंटों ठप रहने से दिक्कत हुई है।

–**विनोद शुक्ला**, सुनगढ़ी

इसे लेकर पहले से कोई सूचना पावर कॉरपोरेशन को नहीं मिली थी। सामाजिक वानिकी की टीम ने शटडाउन मांगा था। जिसके बाद सप्लाई बंद करा दी गई थी। बिजली के तार और आठ पोल भी इस दौरान ठीक कराए गए हैं। उपभोक्ताओं को दिक्कत न हो, इसके लिए आगे से पूर्व में ही सूचना देने को कहा गया है, ताकि उपभोक्ताओं के लिए सूचना जारी की जा सके।

– **जहांगीर आलम**, जेई पावर कॉरपोरेशन

### कई जगह फाल्ट के चलते गुल रही बिजली

एक तरफ आधे शहर की सप्लाई पेड़ों की छंटाई को लेकर बंद रहीं। वहीं, दूसरी तरफ जर्जर तारों में फाल्ट होने का सिलसिला भी जारी रहा। शहर के मोहल्ला मलिक अहमद में फाल्ट की वजह से बत्ती गुल हो गई। इसकी सूचना मिलने पर टीम पहुंची और सुधार कार्य कराया। आयुर्वेदिक कॉलेज मार्ग पर, मोहल्ला डालचंद के आसपास के घरों की सप्लाई भी कुछ देर बाधित रही।

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर हेलीपैड से लेकर सभास्थल तक आने वाले रूट पर दोनों ओर खड़े पेड़ों की छंटाई की गई है। जमीन से 16 फिट ऊंचाई तक पेड़ों की छंटनी करने के निर्देश दिए गए थे। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर आनन-फानन में कार्य किया गया है।

– शेर सिंह, डिप्टी रेंजर, सामाजिक वानिकी

# 14 गांवों में दस्तक दे रहे बाघ, ग्रामीणों को बना रहे निशाना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



● **फ्रंटलाइन टीम के सदस्यों को चुनाव ड्यूटी में लगाया, बाघों की निगरानी का संकट**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के बीच जंगल से सटे 14 गांवों में बाघ लगातार दस्तक दे रहे हैं। जंगल से बाहर घूम रहे बाघों की निगरानी की जिम्मा सामाजिक वानिकी प्रभाग कर्मियों पर है। मगर मोर्चा संभालने वाली फ्रंटलाइन टीम के कर्मचारियों की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई है। इससे मतदान के दौरान बाघों की निगरानी का संकट बढ़ेगा। इसे देखते हुए वन अधिकारियों ने डीएम को पत्र लिखा है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में बाघों का कुनबा बढ़ने के साथ ही इनके जंगल से बाहर निकलने का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। जंगल के अंदर घूम रहे बाघों की जिम्मेदारी पीटीआर के कंधों पर होती है। वहीं, जंगल क्षेत्र से बाहर का एरिया सामाजिक वानिकी प्रभाग के हवाले है। पीटीआर की महोफ और बराही रेंज से सटे आबादी के इलाकों में बाघों की चहलकदमी देखी जा रही है। हालांकि बराही रेंज से सटे आबादी इलाकों में बाघों की चहलकदमी कम हुई है। मगर महोफ रेंज से सटे गांवों में पिछले कुछ माह से बाघों की चहलकदमी बनी हुई है। इस इलाके में पिछले तीन माह के भीतर बाघ के हमलों में दो लोगों जान चली गई। बाघों के लगातार मूवमेंट से इन गांवों में दहशत है। सूत्रों के मुताबिक सामाजिक वानिकी प्रभाग की पीलीभीत रेंज के इस सेक्शन में करीब पांच बाघ लगातार मूवमेंट कर रहे हैं। इसमें एक बाघिन शावकों के साथ घूम रही है। पिछले दिनों एक बाघ को कुछ दिन पूर्व रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा जा चुका है। वन महकमे के मुताबिक इन गांवों में टीम द्वारा निगरानी की जा रही है।

### चुनाव में इनकी लगाई गई ड्यूटी

सामानिक वानिकी प्रभाग में डीएफओ आरके सिंह के तबादले के बाद उनके स्थान पर तैनाती नहीं हुई है। वर्तमान में पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के पास चार्ज है। ऐसे में जंगल से बाहर घूम रहे बाघों की निगरानी एवं उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी, रेंजर, डिप्टी रेंजर पर है। खास बात यह है कि इन सभी की ड्यूटी चुनाव में लगा दी गई। बताते हैं कि वन अफसरों ने प्रशासन को अवगत कराते हुए उप प्रभागीय वनाधिकारी समेत सात अन्य को मतदान ड्यूटी से मुक्त रखने को पत्र भी भेजा, लेकिन प्रशासन के अधिकारियों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

वन क्षेत्र से बाहर घूम रहे बाघों के मूवमेंट की लगातार निगरानी की जा रही है। सामाजिक वानिकी प्रभाग के स्टाफ की मतदान ड्यूटी के संबंध में जिला अधिकारी को अवगत कराया गया है। उम्मीद है कि सकारात्मक परिणाम सामने आएंगें। – **मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर**, पीलीभीत टाइगर रिजर्व

### इन गांवों में देखी जा रही बाघों की चहलकदमी

- पंडरी
- चौड़ाखेड़ा
- कल्लिया
- हरकिशनापुर
- संडा
- सड़िया मुगलपुरा
- सेमपुर
- भौराई
- रूरा रामनगर
- न्यूरिया पूर्वी मुस्तकिल
- न्यूरिया उत्तरी मुस्तकिल
- न्यूरिया हुसैनपुर

## पति समेत तीन पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव उमराखान सिंह निवासी सविता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी मई 2023 में थाना जहानाबाद के गांव पुन्नापुर निवासी वीरेंद्र उर्फ बबलू से हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही उसे कम दहेज लाने का ताना देकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि बाइक की खरीद के लिए एक लाख रुपये न देने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया। कई दिनों तक भूखा प्यासा रखा। मायके वालों ने बातचीत की लेकिन आरोपी नहीं माने। एसएसआई सिद्धांत शर्मा ने बताया कि पति समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## अपने बूथ पर विशेष ध्यान दें कार्यकर्ता



बूथ अध्यक्ष का स्वागत करते वित्तमंत्री सुरेश खन्ना व अन्य। ● अमृत विचार

**पीलीभीत।** प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना रविवार को पीलीभीत पहुंचे। रेलवे स्टेशन रोड पर बनाए गए लोकसभा चुनाव कार्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं संग बैठक की। उन्होंने कहा कि घर-घर जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दें। बड़े नेता भी बूथ पर जाकर जन मानस से संपर्क करें। उन्होंने नगर के बूथ अध्यक्ष दीपक भारती का माल्यार्पण कर उत्साहवर्धन भी किया। पूर्व चेयरमैन अजय गोयल ने इस दौरान भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। उधर, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य विजय बहादुर पाठक ने भी कार्यकर्ताओं की बैठक की। सेंट्रल बार एसोसिएशन के महासचिव विवेक अवस्थी के आवास पर अधिवक्ताओं एवं प्रबुद्धजनों से भेंट की। इस मौके पर जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्रा एडवोकेट, अशोक बाजपेई, श्रीधर पांडे, स्वतंत्र देवल, विकास श्रीवास्तव, राकेश गुप्ता, चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल, सभासद साकेत सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## जिले से बाहर नहीं जा सकेगा गेहूं, डीएम ने लगाई रोक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **बैरियर लगाकर निगरानी करेंगी टीमें, जनपद की सीमा और मंडी में होगी चेकिंग**

**अमृत विचार :** अब को भी किसान जिले का गेहूं दूसरे जनपदों या गैर राज्यों में जाकर नहीं बेचा सकेगा। डीएम ने जनपद से गेहूं के निर्यात पर रोक लगा दी है। उन्होंने सभी एसडीएम, मंडी सचिव और पुलिस को जनपद की सीमा व मंडी के आसपास बैरियर लगाकर निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

शासन के निर्देश पर पहली मार्च से गेहूं खरीद शुरू की गई है। इस बार जिले को 3.08 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया है। गेहूं खरीद को लेकर जिले में 145 क्रय केंद्र खोले गए हैं। किसानों के साथ-साथ इस बार बटाईदारों के लिए पंजीकरण की व्यवस्था की गई है। पिछले गेहूं सीजन के दौरान एक फीसदी भी कम गेहूं हो सकी थी। इधर गेहूं खरीद को लेकर हुई समीक्षा बैठक में खरीद से जुड़े अधिकारियों ने डीएम को अवगत कराया कि जनपद में किसानों द्वारा उत्पदित गेहूं जनपद से बाहर अन्य जनपदों और राज्यों में जाने की प्रबल आशंका है। जिस कारण किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान न होने और उनके उपज के डिस्ट्रेस सेल ( आपात बिक्री ) होने के साथ गेहूं क्रय लक्ष्य पूरा हो पाना संभव नहीं है। साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाला गेहूं वितरण भी प्रभावित हो सकता है। ऐसे में अब जिला प्रशासन गेहूं खरीद को लेकर पहले से ही सतर्क हो गया है। डीएम संजय कुमार सिंह ने जनपद से गेहूं बाहर ले जाने पर रोक लगा दी है। पिछले सालों में रेल के माध्यम से भी गेहूं गैर राज्यों में भेजा गया था।

डीएम ने इज्जतनगर की मंडल रेल प्रबंधक को पत्र भेजकर इंडेंट जारी न करने का अनुरोध किया है। वहीं, उन्होंने आवंटित लक्ष्य को हासिल करने एवं किसानों की उपज की ड्रिस्टेस सेल रोकने के लिए जनपद समेत सभी तहसील क्षेत्र की सीमा और मंडी के आसपास बैरियर लगाकर निगरानी करने के निर्देश दिए हैं।

### पिछले साल 0.91 फीसदी हुई थी खरीद

बीते वर्ष रवी सीजन में जनपद में 141 क्रय केंद्रों के माध्यम से खरीद की गई थी। उस दौरान लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 0 .91 फीसदी ही गेहूं खरीद हो सकी थी। जिसको लेकर जमकर फजीहत हुई थी। पिछली खरीद को देखते हुए प्रशासन को इस बार गेहूं खरीद का लक्ष्य हासिल करने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।

### इन अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी

डीएम संजय कुमार सिंह ने सभी एसडीएम, मंडी सचिवों, सीओ समेत सभी प्रभारी निरीक्षकों को निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी है। जारी आदेश में कहा गया है कि अपने-अपने क्षेत्र की सीमाओं पर विशेषकर मंडी स्थलों के आसपास बैरियर लगाकर यह सुनिश्चित करें कि गेहूं का सरकारी क्रय लक्ष्य पूरा हो और किसी भी प्रकार से किसानों के उपज की डिस्ट्रेस सेल न हो पाए।

शासन की मंशा के अनुरूप गेहूं खरीद की जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार आवंटित क्रय लक्ष्य को प्राप्त करने एवं किसानों के उपज की डिस्ट्रेस सेल को रोकने के लिए जनपद के गेहूं को अन्य जनपदों में जाने से रोकने के लिए कदम उठाए गए हैं। इसको लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। – **संजय कुमार सिंह**, जिलाधिकारी

# महिलाओं की समस्या समझने वाले को चुनेंगे सांसद

सुरेश/अजय जायसवाल, बिलसंडा

**अमृत विचार :** पीलीभीत लोकसभा सीट पर पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों के साथ चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। कोई विकास के मुद्द्दे पर मतदाताओं को साध रहा तो किसी को दूसरे मुद्दे हैं। जनपद में महिला मतदाताओं की संख्या निर्णायक भूमिका निभाएगी। गृहणियों ने इस बार महंगाई को मुद्दा बनाया है। उनका कहना है कि उम्मीद तो हर बार होती है, लेकिन चुनाव के बाद सरकार मुद्दों को भूलकर अपनी मंशा के मुताबिक काम करती है। इसलिए ऐसे प्रत्याशी को सांसद चुनें जो महिलाओं की समस्या को समझे और उसके निस्तारण के लिए गंभीर हो।



चुनाव में जातिवाद नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रत्याशी को देखा जाना चाहिए। जातिवाद के आधार पर वोट मांगने वाले किसी का भला नहीं कर सकते है। जनता के मुद्दों पर काम करने वाला नेता चुनेंगे। वोट जरूर डालेंगे। – **शिवांगी गुप्ता**, छात्रा



मतदान करना संवैधानिक अधिकार के साथ कर्तव्य भी है। चुनाव के दिन पोलिंग बूथ पर जाकर पहले वोट करेंगे, फिर बाकी काम। ऐसा प्रतिनिधि चुनें जो महिलाओं की समस्या पर ध्यान देने वाला हो। –**स्नेहलता गंगवार**, गृहणी



महंगाई, रोजगार तो मुद्दा रहेगा ही। साथ ही देश की सुरक्षा करने का दमखम रखने वाली सरकार चुनेंगे। सांसद भी ऐसा चुनेंगे जो स्थानीय समस्याएं भी निपटाए। महंगाई की समस्या दूर करने का उपाय भी कराए। – **रेनू जायसवाल**, गृहणी



हर महिला को अपना वोट अवश्य देना चाहिए। ताकि अच्छा चुना जा सके चुना जा सके। नई सरकार किसी की भी बनें, यही उम्मीद करती हूं कि महिला सुरक्षा और महंगाई पर ध्यान दिया जाए।

– **सविता जायसवाल**, गृहणी







The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

रमज़ान मुबारक
अठ्ठाईसवां रोज़ा इफ्तार 08 अप्रैल 2024
सुन्नी - 06:37 बजे
शिया - 06:41 बजे
उन्तीसवां रोज़ा सहरी 09 अप्रैल 2024
सुन्नी - 04:26 बजे
शिया - 04:22 बजे
नोट:- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज
फोम एण्ड प्लाई
गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# कल आ रहे हैं प्रधानमंत्री...कृपया गौहनिया-कचहरी रोड की तरफ न जाएं

## सुबह छह बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक बदले मार्ग से चलेंगे वाहन, शहर में कई मार्गों पर वाहनों के चलने पर रहेगी पूर्णतया पाबंदी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नौ अप्रैल को ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज ग्राउंड पर होने वाली जनसभा को लेकर सुरक्षा बंदोबस्त सख्त किए जा रहे हैं। इसको लेकर नौ अप्रैल को शहर में रूट डायवर्जन रहेगा। इसका खाका यातायात पुलिस ने तैयार कर लिया है। प्रधानमंत्री के शहर में आने और जाने तक हाईवे से लेकर शहर के मुख्य मार्गों पर आम लोगों की आवाजाही किस तरफ से होगी इसका खाका तैयार कर लिया गया है।

दो अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के लिए प्रबुद्ध सम्मेलन करने पीलीभीत आए थे। इस दौरान पुलिस की ओर से किए गए सख्त सुरक्षा इंतजाम राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गई थी। इसकी पहले से कोई जानकारी भी आम नागरिकों को नहीं दी गई थी। नौ अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा प्रस्तावित है। ऐसे में उस दिन सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए अधिकारियों ने खुद मंथन किया। जिसके बाद रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है। जनसभा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर असर न पड़े और राहगीरों को भी गंतव्य तक पहुंचने में दिक्कत न आए। इसके लिए हाईवे से लेकर शहर के भीतर के मार्गों को लेकर रूट डायवर्जन किया गया है। रूट डायवर्जन सुबह छह बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक निर्धारित किए गए मार्गों से ही वाहनों को निकलवाया जाएगा।


रूट डायवर्जन के लिए मोबाइल बैरियर ले जाते ट्रैफिक पुलिस कर्मी।

- प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर किया रूट डायवर्जन, वाहनों को मोड़ने के लिए तैनात रहेगी पुलिस

**अमरिया-जहानाबाद होते हुए निकाले जाएंगे उत्तराखंड से आने वाले वाहन :** प्रधानमंत्री की सभा के दिन न्यूरिया से पूरनपुर की तरफ जाने वाले वाहन ग्राम बिथरा बाईपास से मैथी सैदुल्लागंज नहर के किनारे वाले रोड से होते हुए कल्यानपुर नौगवां चौराहा से रिछौला चौकी से माला गजरौला होते हुए पूरनपुर जाएंगे। लखीमपुर और पूरनपुर की तरफ से न्यूरिया आने वाले वाहन भी इसी मार्ग से गुजरेंगे। उत्तराखंड के खटीमा -मझोला की तरफ से बरेली जाने वाले वाहन मझोला चौकी से बिरहनी चौकी होते हुए सितारगंज मार्ग और वहां से कस्बा अमरिया, जहानाबाद होते हुए ललौरीखेड़ा के रास्ते बरेली हाईवे पर जा सकेंगे। बरेली से पूरनपुर की तरफ जाने वाले वाहन नवाबगंज से बरखेड़ा होते हुए गजरौला होते हुए निकलेंगे।

### इन मार्गों पर सुबह छह बजे से प्रधानमंत्री के जाने तक वाहनों का संचालन रहेगा प्रतिबंधित

- बिजली घर तिराहे से ठेका चौकी तरफ का मार्ग।
- सुनगढ़ी चौराहा से गौहनिया चौराहा की तरफ।
- गन्ना तिराहा से गौहनिया चौराहे की ओर।
- वाले मियां मजार से नकटादाना चौराहा की तरफ।
- बेनहर स्कूल की तरफ से विद्या मंदिर चौराहे की ओर।
- बेनहर गुरुकुल स्कूल से कचहरी की तरफ।
- महाकालेश्वर मंदिर के सामने दियूनी केसरपुर गांव की तरफ।
- आवास विकास से नकटादाना और विद्या मंदिर चौराहे की तरफ जाने वाला मार्ग।
- पुष्प इंटरनेशनल स्कूल के पास रेलवे लाइन से सिविल लाइन पुलिस चौकी की तरफ।

### शहर से न्यूरिया और टनकपुर जाने के लिए यह रास्ता अपनाएं

पीलीभीत शहर से न्यूरिया, टनकपुर जाने वाले छोटे वाहन ईदगाह तिराहे से एकता सरोवर होते हुए बरेली गेट चौराहा, बड़ा गुरुद्वारा से कोतवाली गेट होते हुए खकरा पुलिस चौकी होकर धनकुना होते हुए न्यूरिया के पास से टनकपुर हाईवे पर पहुंच सकेंगे। वापसी भी इसी रास्ते से होगी। इसके अलावा रेलवे स्टेशन और छतरी चौराहा की तरफ से आने वाहन गन्ना तिराहा वैभव डायग्नोस्टिक सेंटर वाली गली से डायवर्ट होकर माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग से अलीगंज रोड, बिलगवां क्रॉसिंग होते हुए जाएंगे।

### गांधी स्टेडियम में होगी वीवीआईपी और मीडिया के वाहनों की पार्किंग

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा को लेकर वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। जिसके लिए रामलीला मैदान, एलएच चीनी मिल मैदान, माधोटांडा रेलवे क्रासिंग के पीछे, राम इंटर कॉलेज, गांधी स्टेडियम मैदान पर वाहनों की पार्किंग रहेगी। तय किए गए रूट डायवर्जन के अनुसार ही वाहनों को यहां तक पहुंचाया जाएगा। गांधी स्टेडियम में सिर्फ वीवीआईपी और मीडिया कर्मियों के वाहनों की पार्किंग होगी। बकाया वाहन रूट डायवर्जन के अनुसार अन्य पार्किंग स्थलों में पार्क कराए जाएंगे।

> प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर रूट डायवर्जन तय किया जाएगा। इसका खाका तैयार किया जा चुका है। नौ अप्रैल की सुबह छह बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक इसी डायवर्जन के अनुसार वाहनों की आवाजाही होगी।
> – राघवेंद्र सिंह, यातायात प्रभारी

# रिहर्सल: हेलीपैड पर तीन हेलीकॉप्टर उतारे गए, एसपीजी मुस्तैद

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी जनसभा में सिर्फ एक दिन शेष है। इसकी तैयारियों को लेकर प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने पूरी ताकत झोंक दी है। रविवार को स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) के अधिकारियों ने हेलीपैड और जनसभा स्थल का जायजा लिया। प्रधानमंत्री के आगमन से पहले हेलीपैड पर वायुसेना के तीन अलग-अलग हेलीकॉप्टर की लैंडिंग कराई गई। फिर हेलीपैड की छिटपुट कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए। इधर, जनसभा स्थल पर एसपीजी के साथ सुरक्षाकर्मी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने में जुटे रहे। वहां लगने वाले प्रत्येक सामान की जांच करने के बाद ही उसे लगाने की अनुमति दी गई।

नौ अप्रैल मंगलवार को ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर प्रधानमंत्री की जनसभा होगी। हालांकि अभी जनसभा का समय तय नहीं हो पाया है। हालांकि भाजपा की ओर से जनसभा के लिए सुबह 10 से 11 बजे के बीच का समय दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री के आने से दो दिन पहले शहर में एसपीजी ने डेरा जमा लिया है। शहर से सटे मोमिनगंज गांव में तीन हेलीपैड बनाए गए हैं। रविवार को एसपीजी ने हेलीपैड का निरीक्षण किया। हेलीपैड की गुणवत्ता परखने के लिए वायुसेना के तीन हेलीकॉप्टर उतारे गए। पहला हेलीकॉप्टर करीब एक बजे उड़ता दिखाई दिया, जो शमशाबाद से आया था। हेलीकॉप्टर की लैंडिंग ट्रायल के दौरान अफरातफरी मच गई। दरअसल, लैंडिंग के लिए बनाए गए हेलीपैड पर जैसे ही हेलीकॉप्टर उतारा गया पूरे मैदान पर धूल का गुबार छा गया। वहां मौजूद अधिकारी, कर्मचारी और नेता धूल से बचाने के लिए दौड़ते नजर आए। यह देखकर एयरफोर्स और एसपीजी के अधिकारियों ने नाराजगी जताई। इसके बाद जिला प्रशासन को पूरे मैदान पर पानी का छिड़काव कराने को कहा गया। दूसरा हेलीकॉप्टर हिनडन (दिल्ली) और तीसरा त्रिशूल एयरफोर्स बरेली से परीक्षण करने के लिए पहुंचा। इनकी सफलतापूर्वक लैंडिंग कराई गई। फिर हेलीकॉप्टर को अन्य दो हेलीपैड पर उतारा गया। हेलीपैड का ट्रॉयल और सुरक्षा का जायजा लेने के बाद हेलीकॉप्टर लौट गए, लेकिन मैदान पर जमीनी कार्य दिन ढलने के बाद तक जारी रहा।


प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर हेलीपैड पर रंग रोगन करता श्रमिक। ● अमृत विचार


प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर हेलीपैड पर रिहर्सल करता वायुसेना का हेलीकॉप्टर।

- हेलीपैड से जनसभा तक किया रिहर्सल, दिल्ली से फ्लीट पहुंची जैमर समेत चार गाड़ियां आईं

### जनसभा स्थल पर हर सामान किया जा रहा चेक

जनसभा स्थल पर लोकल पुलिस अफसरों के अलावा एसपीजी के अधिकारियों ने भी मोर्चा संभाला। टीम के साथ बम निरोधक दस्ता भी सुरक्षा के लिहाज से मैदान की गहन छानबीन में जुटा रहा। एसपीजी ने प्रवेश द्वारों पर की गई बैरिकेडिंग से लेकर मंच, उसके आगे बने डी- एरिया और दर्शक दीर्घाओं में किसी भी संदिग्ध वस्तु की आशंका मिटाने को वहां गहन जांच की। इतना ही नहीं टेंट के सामान से लेकर साउंड सिस्टम को भी मेटल डिटेक्टर से चेक किया गया। डी-एरिया और मंच को भी बम निरोधक दस्ता से चेक कराया गया। ताकि सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक न होने पाए।

### पीलीभीत पहुंची प्रधानमंत्री की फ्लीट

प्रधानमंत्री के आगमन से पहले ही एसपीजी के निर्देश में दिल्ली से रविवार को प्रधानमंत्री मोदी की फ्लीट शहर में पहुंची। फ्लीट के साथ आई टीम ने पहले जनसभा स्थल फिर हेलीपैड का मुआयना किया। इस दौरान लोकल के अधिकारियों के साथ उन्हें जनसभा से हेलीपैड का रूट भी दिखाया गया। जिससे टीम ने गहनता से देखने के साथ कुछ गोपनीय बिंदुओं पर अफसरों से चर्चा करते हुए सुधार करने के निर्देश दिए। फ्लीट में एक जैमर, एक प्रधानमंत्री की कार और दो सिक्योरिटी स्टाफ की थी। जो प्रधानमंत्री के साथ रहेंगी।

# प्रधानमंत्री मोदी का आगमन होगा ऐतिहासिक: जितिन


सभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** भाजपा प्रत्याशी कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद ने रविवार को बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र के मधुर मिलन, कुंवर गढ़ा, मवई काजियान, करमन, उदरा, सिंहतरा, बसन्त नगर, पचुआ, पिपरा, चुरैला, उनरा आदि गांवों में सभाएं की। नौ अप्रैल को ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज ग्राउंड पर होने वाली सभा में बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की गई। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का आगमन ऐतिहासिक होगा।

उन्होंने कहा कि देश ने दस साल में जो नई उड़ान तय की, आज सम्पूर्ण देशवासियों के चेहरे पर उसकी खुशी देखी जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक परिश्रम से देश ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मजबूत उपस्तिथि दर्ज की है। केन्द्र सरकार ने किसान-नौजवान व्यापारी-कर्मचारी सभी के लिए विभिन्न योजनायें चला कर उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम किया। कोरोना काल में प्रधानमंत्री द्वारा उठाये गए जनहित के कदमों को यह देश कभी भुला नहीं सकेगा। पीलीभीत संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित होने के बाद उन्हें जो जनसमर्थन मिल रहा है वो उनके लिए जीवन की एक बड़ी उपलब्धि है। पीलीभीत की जनता के इस अपनत्व को कभी नहीं भुला सकेंगे।

### कल बंद रहेंगे गौहनिया चौराहा के पेट्रोल पंप

**पीलीभीत, अमृत विचार :** एसपीजी के मुआयना करने के बाद जनसभा स्थल के समीप स्थित तीनों पेट्रोल पंप बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं। नौ अप्रैल को ड्रमंड कॉलेज के मैदान होने वाली प्रधानमंत्री की जनसभा को लेकर जिले के अलावा बाहरी जिलों से भी फोर्स को बुलाया गया है। वहीं, सभास्थल के पास स्थित तीन पेट्रोल पंप चिह्नित किए गए हैं। जिन्हें एसपीजी ने बंद कराने के निर्देश दिए हैं। इस पर डीएसओ विकास कुमार की ओर से गौहनिया चौराहा पर बने दो एचपी के पेट्रोल और एक इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप को सभा के दिन बंद रखने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पेट्रोल-डीजल का स्टॉक निल रखा जाएगा।

# सोच समझकर करें खर्चा, पाई-पाई का हिसाब लेगा आयोग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** लोकसभा प्रत्याशियों के खर्च पर चुनाव आयोग की पैनी नजर है। चेकिंग के लिए चुनाव आयोग के निर्देश पर अफसरों की टीम बनाई गई है। चुनाव में सभाओं - रैलियों में कुर्सी, पंडाल, बसों, चौपहिया वाहनों, चाय और खानपान तक पर होने वाला खर्च तय कर दिया गया है। जनसभाओं में एक कुर्सी का किराया रोजाना नौ से 13 रुपये तक निर्धारित किया गया है। वहीं समोसा 10 रुपए और चाय/ कॉफी के रेट 10 से 15 रुपये तय किए गए हैं।

लोकसभा चुनाव में हर बार चुनाव आयोग खर्च तय करता है, लेकिन अधिकांश प्रत्याशी इसमें गड़बड़ी कर जाते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि आयोग के निर्देश पर प्रत्याशियों को मदवार सूची दी जाएगी। एक प्रत्याशी के खर्च की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये तय की गई है। प्रत्याशियों के खर्चों पर निगरानी रखने के लिए जिले को जोनल और सेक्टर में बांटकर उड़नदस्ते गठित किए गए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों की टीम प्रत्याशियों के कार्यालय पर नजर रखेगी। वहीं वीडियो रिकार्डिंग भी कराई जा रही है।

### रैलियों में बसों और कारों के रेट

- 15 से 24 सीट 25 से 34 सीट हल्का वाहन (जीप, मार्शल, सूमो)/प्रतिदिन1300 रुपये
- लग्जरी वाहन (इनोवा, स्कार्पियो)/प्रतिदिन 1500 रुपये
- ट्रक/ प्रतिदिन 1600 रुपये

### जलपान का सामान

- समोसा/10 रुपये
- चाय/कॉफी/10-15 रुपये
- लड्डू बेसन प्रति किलो/300 रुपये
- लड्डू मोतीचूर प्रतिकिलो/200 रुपये
- लंच पैकेट/50 रुपये
- भोजन प्रति थाली/50 रुपये
- होटल (सिगल बेड)/800 रुपये
- होटल(सिगल बेड एसी)1000 रुपये
- होटल (डबल बेड)1500 रुपये

### रैली/सभाओं के सामान पर व्यय

- कुर्सी फाइवर/ 9 .00 रुपये प्रतिदिन
- कुर्सी फैंसी/13 रुपये प्रतिदिन
- सोफासेट/180 रुपये प्रतिदिन
- स्वागत द्वार/650 रुपये प्रतिदिन
- जनरेटर( 5 से 7 .5केवी)/557 रुपये प्रतिदिन
- कूलर/150 रुपये प्रतिदिन
- जग/4 .00 रुपये
- गिलास/2 .00 रुपये
- ट्रे/7 .00 रुपये

# तीसरे दिन 74 ने डाले वोट, छूटे 37 मतदाताओं के घर आज पहुंचेगी टीम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान प्रक्रिया के तीसरे दिन 74 मतदाताओं ने वोट डाले। तीन दिनों में 820 के सापेक्ष 783 मतदाताओं ने वोट डाले। सोमवार को पोलिंग टीमें शेष बचे 37 मतदाताओं के घर जाकर मतदान कराएगीं।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर इस बार दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग मतदाताओं को घर बैठे पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है ।निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पांच अप्रैल से पोस्टल बैलेट की मतदान प्रक्रिया शुरू की गई। इसको लेकर 21 पोलिंग पार्टियां बनाई गई हैं। पोलिंग टीमों ने घर-घर जाकर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई। पहले दिन यानी पांच अप्रैल को 387 एवं छह अप्रैल को 322 दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने घर बैठे मतदान किया। रविवार को भी पोलिंग पार्टियां घर-घर पहुंचीं। घरों में पहुंची पोलिंग टीमों ने मतदाताओं से गाइडलाइन के अनुसार मतदान कराया। सेक्टर मजिस्ट्रेट की निगरानी में रविवार शाम पांच बजे तक 83 के सापेक्ष 74 दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाताओं ने घर बैठे मतदान किया। पोस्टल बैलेट मतदान प्रक्रिया चार दिन चलाई जानी है। तीन दिन में 820 मतदाताओं के सापेक्ष 783 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। अब सोमवार को शेष बचे 37 मतदाताओं के वोट डलवाए जाएगें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पुनिया ने बताया कि तीन दिन में 783 दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया है। सोमवार को वंचित मतदाताओं को मौका दिया जाएगा।


पोस्टल बैलेट से मतदान करतीं वृद्धा।

- 820 के सापेक्ष तीन दिन में 783 दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने किया मतदान

### तीसरे दिन पोस्टल बैलेट से मतदान की स्थिति

| विधानसभा | कुल मत | पड़े मत |
|---|---|---|
| बहेडी | 02 | 00 |
| पीलीभीत | 00 | 00 |
| पूरनपुर | 03 | 01 |
| बीसलपुर | 70 | 65 |
| बरखेड़ा | 08 | 08 |

# एक दिन में क्लीन हो गई शहर की सड़कें, चला विशेष सफाई अभियान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** लंबे समय से शहर को अतिक्रमण मुक्त और क्लीन सिटी बनाने की कवायद चल रही थी, जो पूरी नहीं हो सकी। मगर प्रधानमंत्री के आने पर एक दिन में शहर की सड़कें क्लीन हो गईं। इसके लिए विशेष अभियान चलाया गया। जनसभा को लेकर टनकपुर हाईवे से गौहनिया चौराहा और गांधी स्टेडियम रोड से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान कूड़े के ढेर भी साफ हो गए।

प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। सुरक्षा की दृष्टि के चलते कॉलेज मैदान के पास लगी अस्थायी दुकानों को हटवाने की मुहिम शुरु कर दी गई। एसपीजी ने गांधी स्टेडियम रोड से लेकर टनकपुर हाईवे पर गौहनिया चौराहा से लेकर मेडिकल कॉलेज तक लगे खोखे और ढाबों को हटवाने के निर्देश दिए थे। जिस पर पुलिस प्रशासन ने सख्ती करते हुए खोखे और दुकानें हटवाना शुरु कर दी हैं। कुछ दुकानदारों ने खुद दुकानें हटाना शुरु कर दिया है।

प्रधानमंत्री के आने से पहले नगर पालिका प्रशासन की ओर से सड़कों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कॉलेज मैदान के भीतर साफ सफाई कराई गई है। साथ ही गांधी स्टेडियम रोड पर भी कूड़े के ढेर साफ करा दिए गए। नालों की सफाई भी कराई जा रही है। वही हेलीपैड से लेकर कचहरी तिराहा, पुलिस लाइन, नकटादाना चौराहा, यशवंतरी देवी मंदिर, मेडिकल कॉलेज आदि स्थानों पर भी साफ सफाई तेजी से हो रही है।


गांधी स्टेडियम रोड पर नालें की सफाई करते नगर पालिका के कर्मचारी।

- टनकपुर हाईवे और गांधी स्टेडियम रोड से हटाया गया अतिक्रमण



सड़क से खोखा हटाकर ले जाते दुकानदार। ● अमृत विचार


गांधी स्टेडियम रोड से अतिक्रमण हटने के बाद खाली सड़क।

# कंबाइन की टक्कर से खेत में गिरा पोल, तीन एकड़ गेहूं की फसल जली

## ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से जुताई कर आग बुझाई, कंबाइन कब्जे में लेने पर पुलिस से भिड़े लोग


कंबाइन कब्जे में लेने पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच होती नोकझोंक।


आग से फसल जलने के बाद खेत में राख देखता किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** खेत में गेहूं की कटाई करते वक्त कंबाइन की टक्कर से बिजली का पोल जमीन पर गिर गया। इस दौरान तारों के टकराने पर स्पार्किंग होने से लगी आग में तीन एकड़ गेहूं की फसल जल गई। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर से जुताई कर आग बुझाई। कंबाइन कब्जे में लेने की बात पर पुलिस और ग्रामीणों में तीखी झड़प हुई।

तहसील क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में राजू माली ने जहीर खान का तीन एकड़ खेत ठेके पर लिया है। उसमें गेहूं की फसल खड़ी हुई थी। रविवार को कंबाइन लगाकर खेत में गेहूं की फसल की कटाई हो रही थी। इस दौरान कंबाइन की टक्कर खेत में लगे बिजली पोल में लग गई। इससे खंभा गिर गया। बिजली सप्लाई चालू होने पर तार आपस में लड़े और चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। जानकारी लगते ही आस पड़ोस के दर्जनों ग्रामीण ट्रैक्टर लेकर खेत पर पहुंच गए। आग बुझाने का प्रयास करने लगे। हवा तेज चलने से करीब तीन एकड़ फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आस पड़ोस के खेतों की जुताई कर आग पर काबू पाया। इसकी सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी पहुंच गई। जानकारी लगने पर कोतवाली पुलिस ने भी घटना की जांच पड़ताल की। ग्रामीणों के आग लगने की वजह कंबाइन बताने पर पुलिस ने उसे कब्जे में लेने की बात कही। इसको लेकर पुलिस और ग्रामीणों में नोकझोंक होती रही। तहसीलदार वीरेंद्र कुमार भी जानकारी लगते ही मौके पर पहुंचे और मामला शांत कराया। तहसीलदार ने बताया कि फसल के नुकसान का सर्वे कराकर मुआवजा दिलवाया जाएगा।

## डीजल चोरी करने के दौरान एक पकड़ा, भेजा जेल

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** हाईवे चौड़ीकरण का कार्य कर रही कंपनी के यार्ड से डीजल चोरी करने वाले को रंगेहाथ पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कंपनी के एचआर एडमिन की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

उधमपुर (जम्मू कश्मीर ) के थाना चनैनी क्षेत्र के गांव लटेटा उधमपुर निवासी सुरजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह एटलस कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मे एचआर एडमिन के पद पर कार्यरत हैं। उनकी कंपनी पीलीभीत से बीसलपुर तक हाईवे का चौड़ीकरण का कार्य कर रही है। कंपनी का यार्ड पौटाकलां गांव के पास हाईवे के किनारे है। शनिवार शाम करीब साढ़े चार बजे यार्ड के परिसर में खड़ी जेसीबी से गांव पौटाकलां निवासी शमसुल डीजल चोरी कर रहा था। उसे सिक्योरिटी स्टाफ ने सीसीटीवी कैमरे में देखा और फिर मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपी ने भागने के लिए हाथापाई भी की। वह बीस लीटर डीजल चोरी कर चुका था, जोकि बरामद कर लिया। एसएसआई सिद्धांत शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। रविवार को आरोपी का चालान कर दिया है।

# पशु चिकित्सालय में स्टाफ की कमी, किसान परेशान

संवाददाता, बरखेड़ा

● पशु चिकित्साधिकारी के अवकाश पर होने पर होती है ज्यादा दिक्कत

**अमृत विचार :** राजकीय पशु चिकित्सालय बरखेड़ा में पिछले करीब एक दशक से फार्मासिस्ट का खाली है। इससे विभागीय कार्य बाधित होने साथ ही किसानों को अपने पशुओं का इलाज कराने के लिए परेशानी हो रही है। आलम ये है कि पशु चिकित्सा अधिकारी की गैर मौजूदगी में अस्पताल की जिम्मेदारी पत्रवाहक पर रहती है।

कस्बे में राजकीय पशु चिकित्सालय पर तैनात फार्मासिस्ट राज बहादुर सक्सेना का करीब एक दशक पूर्व तबादला सदर पशु चिकित्सालय में कर दिया था। उनके स्थान पर दूसरे फार्मासिस्ट की तैनाती नहीं की गई थी। जिस कारण फार्मासिस्ट का पद उसी समय से रिक्त है। पशु चिकित्सालय पर तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरपाल सिंह को विभागीय कार्य के लिए जिला मुख्यालय पर जाने के अलावा क्षेत्र में भी जाना पड़ता है। पशु चिकित्सा अधिकारी के न होने पर पशुपालक अपने पशुओं को इलाज के लिए लाते हैं और मगर बैरंग लौटना पड़ता है। पशुपालकों को तमाम परेशानियां उठानी पड़ती हैं। पशु चिकित्सालय पर पत्रवाहक के पद पर रजत गंगवार कार्यरत हैं। पशु चिकित्सा अधिकारी की गैर मौजूदगी में वही काम संभालते हैं। इसके अलावा अस्पताल में कंप्यूटर ऑपरेटर का भी पद रिक्त है। इसके अलावा गांव खजुरिया पचपेड़ा में पशु सेवा केंद्र पर तैनात पशुधन प्रसार अधिकारी सत्यपाल का तबादला यहां से पशु सेवा केंद्र माला में अगस्त 2023 में हो गया गया था। लेकिन उनके स्थान पर दूसरे पशुधन प्रसार अधिकारी की तैनाती नहीं की गई थी। जिस कारण उसी समय से यहां यहां पशुधन प्रसार अधिकारी का पद रिक्त है। पशुधन प्रसार अधिकारी न होने से इस क्षेत्र के पशुपालकों के पशुओं के बीमार होने पर उनके पशुओं का इलाज या नहीं हो पा रहा है।

> अस्पताल में फार्मासिस्ट की तैनाती के लिए कई बार उच्च अधिकारियों के संज्ञान में डाला गया लेकिन भी अभी तक फार्मासिस्ट की तैनाती नहीं हो सकी है। लगातार प्रयास चल रहा है।
> – डॉ .हरपाल सिंह, पशु चिकित्साधिकारी

## एसपी के आदेश पर ठगी की रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम मुसेली निवासी जाने आलम की ओर से धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। दर्ज की गई रिपोर्ट में ग्राम मुसेली निवासी जाने आलम ने बताया कि उसके परिचित लियाकत अली, राशिद अली, आसिफ फौजी और तीन अन्य व्यक्ति जोकि बरेली जनपद के हाफिजगंज थाना क्षेत्र के उस्मानपुर लाड़पुर गांव के रहने वाले थे। उन्होंने बेटे आसिफ की स्वास्थ्य विभाग में नौकरी लगवाने का झांसा दिया था। आरोपियों ने शैक्षिक अभिलेख ले लिए और दो माह के भीतर नौकरी लगवाने की बात कही। पीड़ित ने अगस्त 2021 को 5 .80 लाख रुपये चार दे दिए। कुछ रुपये नकद दिए गए। एक फर्जी नियुक्ति पत्र भी दे दिया। जब नौकरी नहीं लगी तो रुपये वापस मांगे। इस पर आरोपियों ने गाली गलौज कर मारपीट की। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच कराई जा रही है।

## बाइक चालक के खिलाफ एफआईआर

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरपुरकलां निवासी अरशद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके चाचा रिफाकत नूर खां पुत्र लियाकत नूर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार अप्रैल को वह साइकिल से खेत पर जा रहे थे। टंडोला रोड पर रेशम फॉर्म के पास उनकी साइकिल में बाइक चालक मित्रपाल पुत्र फूलचंद ने टक्कर मार दी थी। जिसमें वह घायल हो गए। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

## पिता-पुत्र ने ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर।** ग्राम महादेवा निवासी अफजाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि रविवार को वह अपने खेत से घर जा रहे थे। रास्ते में गांव महादेवा निवासी नत्थू, कामिल ने रोक गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर पिटाई की। गला दबाकर जान लेने की कोशिश की गई। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# तेजाब मामला : कोतवाली भेजा था मेमो...पुलिस ने नहीं दिया ध्यान

संवाददाता, पूरनपुर

● शादी का दबाव बनाने पर प्रेमिका को तेजाब पिलाकर जान लेने का मामला

**अमृत विचार :** शादी करने के लिए दबाव बना रही प्रेमिका को तेजाब पिलाकर जान लेने के मामले में पुलिस सख्त कार्रवाई का दावा कर रही है। युवती की मौत के बाद आनन-फानन में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मगर, इस मामले में पूर्व में भले शिकायत नहीं की गई हो, लेकिन घटना के दिन सीएचसी से मेमो कोतवाली भेजा गया था। मगर उस दिन पुलिस ने ध्यान नहीं दिया।

अब कोतवाली की जीडी में मेमो पहुंचने का जिक्र न होने की बात कहकर साख बचाई जा रही है। सवाल ये है कि मेमो कोतवाली पहुंचा ही नहीं या फिर पहुंचने के बाद पुलिस ने लापरवाही बरती। फिलहाल परिवार वालों ने अब आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली में क्षेत्र की एक युवती की ओर से एक अप्रैल को एफआईआर दर्ज की गई थी। रिपोर्ट में बताया था कि मकान के सामने रहने वाले अरमान से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। शादी का झांसा देकर उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। एक बार गर्भपात भी कराया था। उसने 18 फरवरी को शादी के लिए दबाव बनाया तो अरमान ने उसे जबरन तेजाब पिला दिया । जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ी।

आनन-फानन में पहले परिजन ने सीएचसी भर्ती कराया। वहां से जिला अस्पताल और फिर लखनऊ के अस्पताल में इलाज चला था। हालत में सुधार न होने पर परिजन वापस ले आए थे। पांच अप्रैल की रात पीड़िता की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई थी। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को छह अप्रैल को ही गिरफ्तार कर लिया और उसे सात अप्रैल को चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है।

पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर करीब डेढ़ माह बाद पुलिस को दी गई थी। उनका तर्क है कि वह बेटी का इलाज कराने में व्यस्त थे। मगर, पुलिस की लापरवाही भी उजागर हो रही है। 18 फरवरी को जब पीड़िता को सीएचसी ले जाया गया था तो सीएचसी से मेमो बनाकर कोतवाली भेजा गया था। आरोप है कि पुलिस इसे लेकर गंभीर नहीं हुई। अगर उस वक्त संजीदगी दिखाई होती तो तमाम अहम तथ्य भी मिल सकते थे।

### बेटी के इलाज को पिता ने किया था चंदा

पीड़िता के परिवार की आर्थिक स्थिति भी कमजोर है। उसके पिता नारियल का ठेला लगाते हैं। बताते हैं कि पर्याप्त पूंजी न होने के चलते युवती के इलाज के लिए चंदा एकत्र किया गया था। लखनऊ के अस्पताल में कई दिन तक चले इलाज के बाद जब हालत गंभीर बताई और सुधार नहीं हो पा रहा था तो और बेहतर अस्पताल में ले जाने के बजाए परिवार को उसे घर लाना पड़ा। चूंकि डॉक्टरों ने भी महंगा खर्च होने की बात कही थी। आर्थिक तंग स्थिति ने इलाज पर असर तो डाला लेकिन परिवार ने हरसंभव प्रयास भी किए, लेकिन बेटी को बचा नहीं सके। उधर, आरोपी खुद पर लगाए गए आरोपों को गलत बताता रहा।

### मौत की वजह स्पष्ट नहीं, विसरा प्रिजर्व

परिवार ने बताया था कि तेजाब पीने से युवती की जीभ और पेट में जख्म बन गए थे। उसकी आंतें भी तेजाब से गल गई थी। हालात ये थे कि वह कुछ खा भी नहीं पा रही थी। एक तरह से दवा के नाम पर उसे खाना पहुंचाया जा रहा था। जिससे मौत होने की बात कही जा रही थी। युवती के शव का पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम कराया था। रविवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी मिल गई, लेकिन मौत की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। विसरा जांच के लिए सुरक्षित किया गया है।

> युवती की मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट में स्पष्ट नहीं हो सकी है। विसरा जांच के लिए सुरक्षित किया गया है। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। जिस वक्त घटना हुई थी, उस वक्त उनकी तैनाती नहीं थी। कोतवाली की जीडी को चेक कराया था लेकिन मेमो दर्ज नहीं है। इसके बारे में तत्कालीन कोतवाल को ही अधिक जानकारी होगी। जब तहरीर मुझे प्राप्त हुई, रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है।
> – संजीव कुमार शुक्ला, कोतवाल पूरनपुर

# जागरुकता रैली: बहकावे में कभी न आना, सोच समझकर बटन दबाना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


रैली में मतदान जागरुकता के स्लोगन लिखे पोस्टर दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

● इनायतगंज और देशनगर में हुआ जागरूकता कार्यक्रम
● बच्चों को बांटी अभिभावक मतदाता जागरूकता चिट्ठी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को जागरुकता रैली निकाली गई। मतदाताओं को शपथ दिलाने के साथ ही स्कूली बच्चों को अभिभावक मतदाता जागरूकता चिट्ठी बांटी गई।

अबकी बार लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर विशेष जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें विधानसभा चुनाव में 60 फीसदी से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर मतदाताओं को जागरूक करने की मुहिम छेड़ी गई है। इसी क्रम में शहर के प्राथमिक विद्यालय इनायतगंज, मोहल्ला देशनगर में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें जनपदीय स्वीप कोऑर्डिनेटर शिक्षक इंतजार खान की अगुवाई में टीम ने मतदाताओं को जागरूक किया। बच्चों की स्लोगन प्रतियोगिता कराई गई। इसके बाद क्षेत्र में मतदान जागरुकता रैली निकाली गई। 19 अप्रैल को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा कि पांच साल के बाद आपको वोट की ताकत से लोकतंत्र को मजबूत करने का मौका मिला है।

किसी के दबाव में आकर गलत वोट न करें। अगर कोई व्यक्ति या प्रत्याशी अपने पक्ष में वोट डालने का दबाव बनाता है तो इसकी शिकायत घर बैठे सी-विजिल एप पर कर सकते हैं। 100 मिनट के भीतर कार्रवाई की जाएगी। छात्र छात्राओं को जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह के द्वारा भेजी गई अभिभावक मतदाता जागरूकता चिट्ठी मुहैया कराई गई। ये कहा कि बच्चे अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करते रहे।

## सार-संक्षेप

### व्यापार मंडल युवा के जिला उपाध्यक्ष बने आकाश



**पूरनपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी ने बताया कि पूरनपुर के व्यापारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता आकाश खंडेलवाल को संगठन की युवा विंग का जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। उनका संगठन के पदाधिकारियों ने रविवार को स्वागत किया एवं संगठन को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी दी। इस मौके पर जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रु, संरक्षक प्रकाश वीर सिंह ,महामंत्री पंकज अग्रवाल, विजय पाल विक्की, सपना यादव, शोभिनी सिंह, संजय पांडे,रणवीर पाठक, शलभ गंगवार आदि थे।

### निर्माणधीन मार्ग पर लगा दिया उपलों का ढेर

पूरनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव खमरिया पट्टी निवासी द्वारका प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने रास्ते पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। इससे मार्ग का निर्माण नहीं हो पा रहा। ग्राम प्रधान और अन्य लोगों ने कई बार उपलों का ढेर हटाने के लिए कहा लेकिन आरोपी नहीं माना। मनमानी के चलते ढेर को नहीं हटा रहा है। मार्ग आधा अधूरा होने से ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पांच माह बाद बाइक चोरी की रिपोर्ट

**बीसलपुर।** पांच माह बाद पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की। ग्राम आजमपुर बरखेड़ा निवासी हरिनंदन ने कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि 26 अक्टूबर 2023 को बीसलपुर से मेला देखकर गांव लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे रेलवे लाइन किनारे बाइक खड़ी कर दी। कुछ देर बाद वापस आए तो बाइक चोरी हो चुकी थीद्ध अब पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### विवाहिता को बहला फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर।** कोतवाली में दी गई तहरीर में क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि गांव का ही अरुण उनकी विवाहित पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। घटना दो अप्रैल की है। उस वक्त घर पर पुत्री अकेली थी। पुत्री जेवर और 10 हजार रुपए भी ले गई है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# सोमवती अमावस्या पर शिव सरोवर में डुबकी नहीं लगा सकेंगे श्रद्धालु

संवाददाता, बिलसंडा


गांव लिलहर स्थित सूखा पड़ा शिव सरोवर। ● अमृत विचार

● ठेकेदार ने कायाकल्प के नाम पर दो महीने पहले निकलवा दिया था सरोवर का पानी

**अमृत विचार :** छोटी काशी के रूप में जाना जाने वाला गांव लिलहर में इस बार सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालु शिव सरोवर में डुबकी लगाने से वंचित रहना पड़ेगा। कायाकल्प कराने के लिए सरोवर का जल ठेकेदार ने दो महीने पहले निकाल दिया था, लेकिन सौंदर्यीकरण का काम अभी तक शुरु नहीं हुआ।

गांव लिलहर स्थित नीलकंठ महादेव बाबा के प्राचीन मंदिर और शिव सरोवर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आस्था जुड़ी है। मान्यता है कि इस धर्मस्थल की स्थापना द्वापर में राजा मोरध्वज के भाई नीलध्वज ने कराई थी। यहां के शिव सरोवर में स्नान करने से चर्म रोग दूर हो जाते हैं। इसके साथ ही मंदिर में बाबा से मांगी गई मुराद पूरी हो जाती है। ब्लॉक क्षेत्र के सबसे प्रसिद्ध इस तीर्थ स्थल पर पिछले कई दशकों से प्रत्येक महीने की अमावस्या पर विशाल मेला लगता है। इस बार चैत्र मास के शुक्ल अमावस्या सोमवार को होगी। सोमवती अमावस्या होने की वजह से इस बार श्रद्धालुओं के भारी तादाद में मेले में आने की उम्मीद है, लेकिन सरोवर में इस समय जल ही नहीं है। जिसकी वजह से श्रद्धालुओं को इस बार आस्था की डुबकी लगाने से वंचित रहना पड़ेगा।

बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा के प्रयासों से सरोवर के कायाकल्प के लिए शासन से 88 लाख रुपये की मंजूरी हुई है। इससे सरोवर के दक्षिणी हिस्से में करीब 40 मीटर सीढ़ियां बनवाने के लिए सरोवर का जल दो महीने पहले ठेकेदार ने निकलवा दिया था। तब सरोवर की मछलियां पकड़वाने पर विरोध भी हुआ था। ग्रामीण राजकुमार राजपूत का कहना है कि सरोवर से जल निकासी के दो महीने बाद भी काम की शुरुआत नहीं कराई गई। इससे पहले शासन से 50 लाख रुपये स्वीकृत हुए थे, जिससे मंदिर परिसर एवं सरोवर के पास ओपन धर्मशाला बनवाई गई थी। इसके अलावा मंदिर प्रांगण में इंटरलॉकिंग ईंट बिछवाई गई। इस बार 40 मीटर सीढ़ियां बनाए जाने का प्रस्ताव है।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें : 9058575790 8077383286
● चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
● बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
● बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
● महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याऐं ल्यूकोरिया आदि
● बवासीर, फिशर
● मानसिक रोग (डिप्रेशन)
● चेहरे के कील, मुहांसे
● मिर्गी
● माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
● ब्लड प्रेशर, शुगर
● सियाटिका का दर्द
● मानसिक दुर्बलता
● मोटापा
● पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
● साइनस
● टॉसिल का बढ़ जाना
● थायराइड
● जोड़ों का दर्द
● गुप्त रोग
पता : 116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय : सोमवार से शनिवार
प्रात: 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार 12 बजे से 2 बजे तक

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582


डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG + ECHO + TMT + HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ♦ घबराहट ♦ छाती में दर्द या भारीपन ♦ सांस फूलना ♦ पैरों में सूजन ♦ हाई ब्लडप्रेशर ♦ हाई कोलेस्ट्रोल ♦ डाइबिटीज (शुगर) ♦ सीने या पेट में जलन या दर्द ♦ हार्ट अटैक ♦ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448


डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ♦ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ♦ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ♦ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ♦ पीलिया का इलाज, ♦ दिमागी बुखार, ♦ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रात: 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

